सौगात घुघरी और मोहगांव को मिली महाविद्यालय की सौगात, प्रदेश के 21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 149 करोड़ बोनस

मंडला में बनेगा टाइगर सफारी जू और रेस्क्यू सेंटर : मुख्यमंत्री



नवभारत, मंडला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मंडला केवल एक जिला नहीं, बल्कि वीरता, जनजातीय संस्कृति और नर्मदा सभ्यता का अद्भुत संगम है। गोंडवाना साम्राज्य की गौरवशाली विरासत, वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, गोंड एवं बैगा जनजातियों की समृद्ध संस्कृति और माँ नर्मदा का आशीर्वाद मंडला को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मंडला के महत्व को और अधिक व्यापक रूप से सामने लाने के लिए वे आने वाले समय में मंडला से जुड़े और भी महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण बिंदुओं को सामने रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंडला में आयोजित तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला की धरती पर आना सौभाग्य का विषय है। दीपावली का पर्व प्रदेशवासी उत्साह और उमंग के साथ मना सकें, इसी उद्देश्य से तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण किया जा रहा है। प्रदेश के 21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को लगभग 149 करोड़ की बोनस राशि वितरित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार वनोपज संग्राहकों के हितों और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

मंडला में होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला में स्वास्थ्य क्षेत्र में विस्तार हेतु मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है तथा क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक के लिए 16.63 करोड़ की स्वीकृति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला जिले में पान की खेती को विकसित किया जायेगा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इसके साथ ही पशुधन संवर्धन व दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दुग्ध समितियों को सशक्त करने के लिए कहा ताकि दुग्ध उत्पादक किसानों को उचित लाभ मिल सके।

समाज के लिए कार्य कर रही मोदी सरकार : फग्गन सिंह

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार गरीब, किसान, श्रमिक, आदिवासी और जनजातीय समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण सरकार की जनकल्याणकारी सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मंडला सहित पूरे क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

47 विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री द्वारा मंडला जिले में 260 करोड़ 62 लाख 38 हजार रुपये की लागत से कुल 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इनमें मगरदा-बोदा-तिलहरी मार्ग, लंबाई 4.50 किलोमीटर, लागत 9.3985 करोड़ रुपये, खैरी-झरकी-पौड़ी मार्ग में बुढ़नेर नदी पर पहुंच मार्ग सहित पुल निर्माण, लागत 14.52 करोड़ रुपये, शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज, लागत 16.78 करोड़ रुपये, नवीन एकीकृत कलेक्टर कार्यालय भवन मंडला, लागत 33.92 करोड़ रुपये, नवीन नर्सिंग कॉलेज मंडला, लागत 14.80 करोड़ रुपये, पुलिस लाइन मंडला में 12 एनजीओ एवं 48 आरक्षक आवास गृह निर्माण, लागत 12.54 करोड़ रुपये तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण, लागत 4.11 करोड़ रुपये सहित सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विकास एवं अन्य अधोसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन सभी 47 कार्यों की कुल स्वीकृत लागत 260.62 करोड़ रुपये है।

200 करोड़ की लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मंडला जिले में 260 करोड़ 62 लाख 38 हजार रुपये की लागत के 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 200 करोड़ 2 लाख 38 हजार रुपये की लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पित प्रमुख कार्यों में बिछिया एनएच-30 से सरई गेट मार्ग, लंबाई 8.90 किलोमीटर, लागत 17.0196 करोड़ रुपये, सांदीपनि शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बिछिया के भवन निर्माण कार्य की लागत 39.46 करोड़ रुपये, संयुक्त तहसील कार्यालय भवन निवास का निर्माण कार्य 7.9 करोड़ रुपये, सांदीपनि विद्यालय घुटास के निर्माण कार्य की लागत 33.15 करोड़ रुपये तथा सांदीपनि विद्यालय सागर, जिला मंडला के निर्माण कार्य की लागत 27.69 करोड़ रुपये शामिल हैं।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद – आदिवासी सम्मान मंडला जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, लघु वनोपज संघ नवीनगिरी गोस्वामी, वरिष्ठ समाजसेवी प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते एवं देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, डीएफओ माधव सिंह मौर्य, प्रीता एसएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सीएम दौरे पर कांग्रेस के विरोध को पुलिस ने रोका

कांग्रेस ने लगाया लोकतंत्र की हत्या का आरोप

नवभारत, मंडला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंडला दौरे के दौरान काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में ही पुलिस ने रोक लिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के बोनस वितरण जैसे सरकारी कार्यक्रम में कांग्रेस के निर्वाचित विधायकों को आमंत्रण न देना प्रोटोकाल का उल्लंघन है। जिसके विरोध में वे शांतिपूर्ण तरीके से काले झंडे दिखाने जा रहे थे लेकिन जिला कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया और नजरबंद कर दिया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, पूर्व जिलाध्यक्ष एड. राकेश तिवारी, मंडला विधायक नारायण सिंह पट्टा, निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े सहित जिला/ब्लॉक/नगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल से काफी पहले ही पुलिस ने घेर लिया गया। जिसको लेकर कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया।

जिला कांग्रेस की चेतावनी

जिला कांग्रेस कमेटी मंडला ने स्पष्ट किया है कि वह इस तानाशाही कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती है। यदि सरकार और वन विभाग ने अपने रवैये में सुधार नहीं किया तो जिला कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी डॉ. अशोक मर्सकोले, राकेश तिवारी, नारायण सिंह पट्टा, चैन सिंह वरकड़े, सहित अशोक पटेल, राजेन्द्र राजपूत, युवा कांग्रेस उपस्थित रहे।

5 किलो वजनी जन्मी बच्ची का ऑपरेशन सफल, दोनों स्वस्थ



नवभारत, मंडला। डॉ. गुरूमोहन के क्लिनिक हेल्थकेयर सेक्टर में चिकित्सकों की टीम ने एक चुनौतीपूर्ण प्रसव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित पांडे एवं डॉ. लिली द्वारा ऑपरेशन के माध्यम से 5 किलोग्राम वजन की बच्ची का सुरक्षित जन्म कराया गया। सफल प्रसव के बाद नवजात बच्ची और मां दोनों स्वस्थ हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भदौरिया परिवार की महिला को प्रसव के लिए डॉ. गुरूमोहन के क्लिनिक हेल्थकेयर सेक्टर में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक परीक्षणों के बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराने का निर्णय लिया। इसके बाद डॉ. अमित पांडे एवं डॉ. लिली की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर बच्ची का जन्म कराया।

जन्म के समय बच्ची का वजन करीब 5 किलोग्राम था, जिसे चिकित्सकीय दृष्टि से विशेष रूप से उल्लेखनीय माना जा रहा है। बच्ची के सुरक्षित जन्म की खबर मिलते ही भदौरिया परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार के सदस्यों ने नवजात बच्ची को स्वस्थ देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और चिकित्सकों एवं पूरी मेडिकल टीम का आभार जताया।

वन विभाग वाहनों से कर रहे अतिरिक्त वसूली

नवभारत, मंडला। कन्हा टाईगर रिजर्व बफर जोंन वन मंडल ग्राम धनबार से सरेखा होते हुए मोचा पहुंच मार्ग की हालात अति खराब है। उसके बाबजूद भी वन विभाग द्वारा अबैध बसूली की जा रही है। जिससे ग्रामीणजन बहुत परेशान है और वन विभाग द्वारा छोटे बाहन का 20 रूपए तथा बड़े बाहन का 400 रुपये बसूल किया जा रहा है। जबकी धनबार से मोचा पहुंच मार्ग पैदल चलने योग्य भी नही है मार्ग खराब होने के बाबजूद भी अबैध बसूली की जा रही है।

आंगनवाड़ी, उचित मूल्य दुकान एवं हितग्राही कार्यों का लिया जायजा

एसडीएम ने किया संस्थानों का निरीक्षण, बच्चों की देखी उपस्थिति

नवभारत, मंडला। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घुघरी संस्कार बावरिया ने विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत गजराज स्थित आँगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। केंद्र में 22 बच्चे उपस्थित मिले।

एसडीएम ने बच्चों से संवाद कर नाश्ते एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बच्चों द्वारा सुनाई गई कविता भी सुनी। साथ ही बच्चों की उपस्थिति एवं वजन संबंधी अभिलेखों का परीक्षण किया गया।



ग्राम पंचायत छतरपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न के स्टॉक, वितरण व्यवस्था एवं संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। उपस्थित हितग्राहियों से खाद्यान्न वितरण एवं दुकान से संबंधित व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया गया। इसी दौरान ग्राम छतरपुर में वीबी-जी-राम-जी योजना अंतर्गत स्वीकृत 'एक बगिया मां के नाम' हितग्राही कार्य का निरीक्षण किया गया। हितग्राही कलावती एवं शेरसिंह द्वारा 100 आम के पौधों के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में सब्जियों की खेती की जा रही है। सभी पौधे जीवित एवं अच्छी स्थिति में पाए गए।

खेती का भी किया अवलोकन

कृषि विभाग के सहयोग से कृषक शेरसिंह द्वारा 0.60 हेक्टेयर में की जा रही अश्वगंधा की खेती का भी अवलोकन किया गया। फसल वर्तमान में अंकुरण अवस्था में पाई गई। कृषि विभाग द्वारा फसल के विक्रय की व्यवस्था किए जाने संबंधी जानकारी दी गई।

एक नजर में



मुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत

नवभारत, मंडला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में मंडला आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भूमिहीन परिवारों को मिलेंगे 223 भूखंड

नवभारत, मंडला। नैनपुर नगरीय क्षेत्र में लंबे समय से भूखंड की प्रतीक्षा कर रहे भूमिहीन पात्र परिवारों के लिए राहत की खबर है। कलेक्टर मंडला राहुल नामदेव धोटे के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका नैनपुर द्वारा भूमिहीन व्यक्तियों को भूखंड उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कार्यवाही पूर्ण की गई है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 11 सितंबर 2026 को आयोजित शिविर में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एसडीएम आशुतोष ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पालिका नैनपुर ने न्यायालय कलेक्टर मंडला द्वारा नगर पालिका को आवंटित भूमि खसरा क्रमांक 43, इटका नैनपुर, रकबा 4.014 हेक्टेयर पर पात्र हितग्राहियों को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना एवं लेआउट प्लान तैयार किया है।

एमबीबीएस के लिए चयनित छात्रा पूजा को मिली सहयोग राशि

आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन ने बढ़ाया मदद का हाथ



नवभारत, बीजाडांडी। आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन मंडला द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए मेडिकल की पढ़ाई के लिए चयनित होनहार छात्रा को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पहटसरा मानिकसरा की निवासी छात्रा पूजा मरावी को 50 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की गई। पूजा मरावी का चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज दतिया में एमबीबीएस कोर्स के लिए हुआ है। आकास संगठन की ओर से यह सहयोग राशि छात्रा पूजा मरावी एवं उनकी माता श्रीमती सुबंता मरावी को प्रदान की गई।

सहयोग राशि प्रदान करने के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय धुर्वे, अनिल मरकाम, मोहन लाल मरावी, तीरेन्द्र धुर्वे, पंकज मार्को, दिनेश खंडवाही, महान सिंह उइके, विकासखंड कार्यकारिणी सदस्य कमलेश कुमार मरावी, कंधी पुट्टा एवं ब्लॉक शाखा बीजाडांडी के कोषाध्यक्ष सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता अभियान आयोजित

नवभारत, मंडला। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था आदिवासी जनकल्याण विकास संस्थान द्वारा सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम भटगांव, सेक्टर-03 मोहगांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्र में साफ-सफाई कर कचरा, पत्तियां एवं अनुपयोगी सामग्री हटाई गई। सदस्यों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर सक्रिय सहभागिता निभाई।




इस अवसर पर बताया गया कि सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सामूहिक दायित्व है और स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को अपने घरों के साथ सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा नियमित स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेने हेतु जागरूक किया गया। सभी ने स्वच्छता कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

निवास में सज रही जुए की महफिल, पुलिस प्रशासन मौन

नवभारत, निवास। निवास नगर क्षेत्र में जुए का खेल आए दिन मध्यरात्रि से लेकर सुबह 5 बजे तक जारी रहने की खबरें सामने आ रही हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, रात्रि के अंधेरे में कुछ असामाजिक तत्व जुए के अड्डे सजाते हैं और तड़के तक खेल चलाते हैं, जिससे आम नागरिकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जुए के कारण कई परिवार अपनी धन-संपत्ति गवां रहे हैं। रातभर चलने वाले इस खेल से क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। नशे और जुए के लेन-देन को लेकर विवाद, मारपीट और अन्य आपराधिक वारदातों की आशंका से निवासी भयभीत हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर रातभर चल रहे जुए के अड्डों के बावजूद निवास पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि आखिर पुलिस प्रशासन किस मद में मौन है और क्या जुआरियों को संरक्षण दिया जा रहा है। इस मामले पर पुलिस का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निवास आगमन हुआ था। ऐसे में जब प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं क्षेत्र में मौजूद थे, तब भी जुए जैसी सामाजिक बुराई पर अंकुश न लग पाना प्रशासनिक सुस्ती और गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

एचपीवी टीकाकरण अभियान 31 दिसंबर तक विस्तारित

नवभारत, मंडला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने बताया कि 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान को अब 31 दिसंबर 2026 तक विस्तारित किया गया है। भारत सरकार, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान का शुभारंभ 28 फरवरी 2026 को किया गया था। अभियान के तहत ऐसी बालिकाएं पात्र हैं, जिन्होंने 14वां जन्मदिन मना लिया हो तथा 15वां जन्मदिन नहीं मनाया हो। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा टीका लगाने से पूर्व माता-पिता अथवा अभिभावक की सहमति आवश्यक है। अभियान के विस्तारित चरण में पात्र एवं अब तक टीकाकरण से वंचित बालिकाओं के लिए जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जहाँ कोल्डचेन पॉइंट स्थापित हैं, पर प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।



मानिकपुर के जंगल में जुटे डेढ़ सौ से ज्यादा प्रकृति के सफाई कर्मी

मानिकपुर में दिखा 150 से अधिक संकटग्रस्त गिद्धों का विशाल झुंड, संरक्षण की उठी मांग

नवभारत, मण्डला। मंडला जिले के निवास विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर से प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अत्यंत सुखद व उत्साहजनक खबर सामने आई है। यहां जंगल से सटे एक खुले मैदान में संकटग्रस्त और विलुप्तप्राय श्रेणी में शामिल गिद्धों का एक विशाल झुंड एक साथ बैठा हुआ दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस झुंड में 150 से अधिक गिद्ध शामिल थे। कई वर्षों बाद एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गिद्धों का जमावड़ा देखकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी कौतूहल और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस दुर्लभ नजारे का वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी अनुसार यह घटना पर्यावरणविदों के लिए विशेष मायने रखती है, क्योंकि मानिकपुर और हाथीतारा के आसपास हर साल गिद्ध नजर आते हैं, लेकिन विभागीय आंकड़ों में इनकी उपस्थिति नगण्य रहती है। उत्साह से भरे स्थानीय लोगों ने जब निवास वन परिक्षेत्र अधिकारी और उनके अमले को इतनी बड़ी संख्या में गिद्धों के दिखने की सूचना दी, तो विभाग द्वारा इसमें कोई खास रुचि नहीं दिखाई गई। वन अमले के इस उदासीन रवैये से ग्रामीणों में गहरी निराशा है। लोगों का कहना है कि एक ओर विभाग स्वयं गिद्धों के विलुप्त होने की आशंका जताता है, वहीं दूसरी ओर जब मानिकपुर में इनका विशाल झुंड नजर आ रहा है, तो उन्हें फिर से बसाने और संरक्षित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

हर वर्ष दो चरणों में होती है गिद्ध गणना

प्रदेश सरकार द्वारा गिद्धों के संरक्षण के उद्देश्य से हर वर्ष दो चरणों में तीन दिवसीय गिद्ध गणना कराई जाती है। बीते 22 से 24 मई 2026 के बीच हुई ग्रीष्मकालीन गणना के आंकड़े मानिकपुर की वर्तमान तस्वीर से बिल्कुल उलट थे। इस गणना में पूरे पश्चिम सामान्य वनमंडल के निवास परिक्षेत्र की कोहानी बीट में सफेद पीठ वाले 9 गिद्ध जिसमें 7 वयस्क और 2 अवयस्क दर्ज किए गए थे।

भ्रमण छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल और प्राचीन शिल्पकारी से रूबरू हुए इंटेक सदस्य

सरहद के पार विरासत की खोज, भोरमदेव का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत, मंडला। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास के मंडला और कवर्धा चैप्टर की संयुक्त पहल पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल भोरमदेव का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। सरहद के पार विरासत के इतिहास की जानकारी अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की साझा ऐतिहासिक धरोहर से परिचित कराना तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

मंडला चैप्टर के संयोजक अरुण अग्रवाल के मार्गदर्शन में 30 सदस्यीय दल कवर्धा जिले के भोरमदेव पहुंचा। वहां कवर्धा चैप्टर के सदस्य आदित्य श्रीवास्तव ने दल को ऐतिहासिक तथ्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को समर्पित भोरमदेव मंदिर का निर्माण 11वीं शताब्दी में नागवंशी राजा गोपाल देव ने कराया था। इसकी बाहरी दीवारों पर उकेरी गई कलात्मक शिल्पकारी खजुराहो के समान होने के कारण इसे छत्तीसगढ़ का छोटा खजुराहो भी कहा जाता है। भ्रमण के दौरान दल ने भोरमदेव मंदिर समूह, मड़वा महल, छेरकी महल, कवर्धा महल और पुरातत्व संग्रहालय में रखे प्राचीन अवशेषों व प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया।



दोनों राज्यों की साझा विरासत को सहेजने पर जोर

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्य संयोजक अरविंद मिश्रा ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक व पुरातात्विक विरासत आपस में गहराई से जुड़ी हुई है, जिसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। वहीं, कवर्धा के महाराज एवं इंटेक संयोजक योगेश्वर राज सिंह के मार्गदर्शन में अतिथियों का आत्मीय सत्कार किया गया तथा सहसंयोजक महेंद्र खनूजा, मोहित खनूजा, असलम नवाज व सलमान खान का विशेष सहयोग रहा।

इनकी रही सहभागिता

मंडला चैप्टर से इस शैक्षणिक भ्रमण की रूपरेखा तैयार करने में विजय अग्रवाल, संजय सिंगौर और राजेश क्षत्री की विशेष भूमिका रही। भ्रमण दल में रंजीत कछवाहा, अखिलेश सोनी, विनोद श्रीवास, एनके यादव, आरपी शुक्ला, राजेश अग्रवाल, कल्पना नागेश्वर, प्रतिमा बाजपेई, रश्मि पाठक, संजू लता सिंगौर सहित अन्य इंटेक सदस्य उपस्थित रहे।